>

Title: Need to provide special package to Rajasthan for implementation of important drinking water projects in the State.

**श्री रतन सिंह (भरतपुर):** माननीय सभापति महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे राजस्थान राज्य में पेयजल के निदान के लिए विशेष वित्तीय पैकेज की मांग उठाने के बारे में समय दिया। राज्य को आवंटित सभी जल संसाधनो का समुचित व लाभकारी उपयोग हो, इस दिशा में यमुना जल, सतलुज और व्यास जल की परियोजनाओं का शीघ्र क्रियान्वयन आवश्यक है। साथ ही कुशल जल प्रबंधन के लिए दाबित सिंचाई पद्धति को अपनाना, नहरी व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, पाइप लाइनों में जल छीजक को कम करना, री-साइकलिंग द्वारा जल शुद्धिकरण, जल का कृषि व बागवानी कार्यों में उपयोग तथा वर्षा के जल का संरक्षण सम्मिलित किया जाना चाहिए।

वर्तमान में राजस्थान सरकार ने 49,747.20 करोड़ रुपये लागत की 83 महत्वपूर्ण पेयजल योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें जल संरक्षण, जल छीजक कम करना, जल शुद्धिकरण व वर्षा के जल का संरक्षण कर जल प्रबंधन की दिशा में जल की एक-एक बूंद का उपयोग करना शामिल है। **...**(व्यवधान) राज्य के समुचित विकास के लिए स्वच्छ पीने योग्य जल की उपलब्धता सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्य सरकार के सीमित साधनों व धन स्रोतों को देखते हुए विशेष केन्द्रीय सहायता प्रदान किया जाना नितांत जरूरी है, ताकि वर्तमान मे चालू की गयी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को चालू रखा जा सके तथा श्रद्धेय स्वर्गीय नेता राजीव गांधी जी के भारत निर्माण के सपने का राष्ट्रीय लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। इसके लिए वर्तमान में 10 हजार करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की विशेष वित्तीय सहायता जारी कर कुल 50 हजार करोड़ रुपये की राशि पांच वर्ष में राजस्थान सरकार को उपलब्ध कराना आवश्यक है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री महोदय से विनम्र निवेदन करता हूं कि जमीनी हकीकत को समझते हुए तथा राज्य की सामाजिक आपदा को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त विशेष सहायता, धनराशि उपलब्ध कराकर जल परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मदद करे, जिससे राजस्थान वासियों को स्वच्छ पेयजल प्राप्त हो सके। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।